


# Dr. Narendra Prasad


Dr. Narendra Prasad is the founder and chief surgeon of Anupama Hospital Private Limited, a multispecialty Hospital at Patna, Bihar. Dr. Prasad is widely recognized for his diagnostic skills and surgical acumen which have benefitted a large number of patients for past many years.

2. Born on April 1, 1934. Dr. Prasad received his MBBS from Patna Medical College in 1956 and M.S in General Surgery from the same institution in 1959. He then proceeded to England for higher studies. He was conferred FRCS from the Royal College of Surgeons of England in 1962.

3. Dr. Prasad Joined Bihar Medical Service in 1957 and was Civil Assistant Surgeon in Thumha, Saharsa, Bihar from 1958-1960. After his return from England in 1962, he was appointed in the Department of Surgery. After serving the department in various capacities, he was appointed Professor and Head of the Department of Surgery, Patna Medical College in 1989 and superannuated in 1992.He is also the Founder Chairman of Jeevak Heart Hospital and Research Private Limited, Patna, an advanced Cardiac Care Hospital trained a large number of students in surgery. He has been an examiner in surgery in various Universities of India.

4. Dr. Prasad is at present the President of MCI, Bihar and the President of Arogya Bharti. He is the past President of NMO, ASI Bihar Chapter and IMA Bihar. He has been associated with many organizations like Bharat Vikas Parishad, Seva Bharti, Vidya Bharti etc. As the President of JP Vichar Manch, he was instrumental in the installation of a 18 feet statue of Late Jai Prakash Narayan in the Lok Sabha in 2002.

5. Dr. Prasad was conferred the Dr. B.C Roy Award for the year 2000. He has been honoured by many medical and social organizations in India and Abroad. He has to his credit a large number of scientific publications in many journals.



## डॉ. नरेन्द्र प्रसाद

डॉ0 नरेन्द्र प्रसाद, पटना, बिहार में एक मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल अनुपमा हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और चीफ़ सर्जन हैं। आप अपने ऐसे नैदानिक (डाइग्नॉस्टिक) कौशल और शल्य-चिकित्सा में अपनी ऐसी निपुणता के लिए व्यापक रूप से जाने-माने जाते हैं, जिससे पिछले कई वर्षों से, अधिसंख्यक रोगी लाभान्वित हुए हैं।

2. आपका जन्म अप्रैल 01, 1934 को हुआ। आपने सन् 1956 में पटना मेडिकल कॉलिज से एम बी बी एस की उपाधि और उसी संस्था से सन् 1959 में सामान्य शल्य चिकित्सा (जनरल सर्जरी) में एम एस की उपाधि हासिल की। फिर आप उच्चतर अध्ययन करने के लिए इंग्लैण्ड चले गए। आपको सन् 1962 में रॉयल कॉलिज ऑव सर्जन्स द्वारा एफ आर सी एस की डिग्री प्रदान की गई।

3. आप सन् 1957 में बिहार मेडिकल सर्विस में आ गए और सन् 1958 से 1960 तक थुम्हा, सहरसा, बिहार में असिस्टेंट सिविल सर्जन रहे। सन् 1962 में आपके इंग्लैण्ड से लौट आने के बाद, आपको शल्य-चिकित्सा (सर्जरी) विभाग में नियुक्त किया गया। इस विभाग में विभिन्न पदों पर सेवा करते रहने के बाद, आपको सन् 1989 में मेडिकल कॉलिज पटना में शल्य-चिकित्सा (सर्जरी) विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया और आप सन् 1992 में सेवानिवृत्त हो गए। आप एक एडवांस्ड कार्डिएक केयर हॉस्पिटल, जीवक हार्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, पटना के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं, जिसने अधिसंख्यक विद्यार्थियों को सर्जरी में प्रशिक्षित किया। आप भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में सर्जरी के परीक्षक रहे हैं।

4. आप इस समय मेडिकल काउंसिल ऑव इण्डिया (एम सी आई), बिहार के अध्यक्ष और अरोग्य भारती के अध्यक्ष हैं। आप एन एम ओ, ए एस आई, बिहार चैप्टर और आई एम ए, बिहार के पूर्व अध्यक्ष हैं। आप भारत विकास परिषद्, सेवा भारती, विद्या भारती जैसे कई संगठनों से जुड़े रहे हैं। जय प्रकाश नारायण विचार मंच के अध्यक्ष के रूप में आप सन् 2002 में लोकसभा में स्वर्गीय जय प्रकाश नारायण की 18 फीट की एक प्रतिमा लगवाने में सहायक रहे।

5. आपको वर्ष, 2000 का डॉक्टर बी सी राय पुरस्कार प्रदान किया गया। आपको भारत और विदेशों में कई चिकित्सा और सामाजिक-संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया है। आपको कई जर्नलों में अधिसंख्यक वैज्ञानिक प्रकाशनों का श्रेय हासिल है।